विकसित भारत के संकल्प में महिलाओं की होगी भूमिका : सावित्री

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का स्वर्ण जयंती समारोह टाउन हॉल में आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 10 मई, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

यह बात उन्होंने रविवार को टाउन हॉल में आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने अध्यक्षता की।

मदर्स-डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत महिलाएं शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं समाज के सर्वांगीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इनके समर्पण और सेवाभाव से ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंच पा रही हैं।

महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। यह अवसर केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन बहनों के त्याग, समर्पण और सेवा को नमन करने का पावन अवसर है, जो समाज की सशक्त नींव को मजबूती प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती जी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका संघ ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वरी नेताम तथा प्रदेश महा सचिव अंजू सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी आज सतना आएगे

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवभारत न्यूज

सतना 10 मई, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ।।मई सोमवार को रेवांचल एक्सप्रेस से प्रातः 6.30 बजे अल्प प्रवास पर सतना आ रहे हैं।

उक्त आशय की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के प्रवक्ता अमित गोयल ने दी। विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा तथा शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल ने पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्यासी, पार्षद व पार्षद प्रत्यासी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल एवं कांग्रेस के समस्त प्रकोस्ठो के पदाधिकारियों अग्रिम संगठनों के प्रमुखों, ब्लॉक / मंडलम/ वार्ड अध्यक्षों और समस्त कांग्रेस जनों से अपील की है कि प्रदेश अध्यक्ष जी के भव्य स्वागत के लिए सुबह 6ः00 बजे भारी संख्या में रेलवे स्टेशन, सतना पहुंचें। स्टेशन आगमन के पश्चात सर्किट सतना में कार्यकर्ताओ से मेल मुलाकात करेंगे तत्पश्चात 9 बजे पत्रकारों से रूबरू होंगे उसके पश्चात पन्ना के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। सभी कार्यकर्ता निर्धारित समय पर उपस्थित होकर उनके स्वागत में सम्मिलित हों।

अंधेरे स्कूलों से प्रदेश का भविष्य गढ़ना चाहती है सरकार : अजय सिंह

- **नीति आयोग की रिपोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार की पोल खोली**

नवभारत न्यूज

सीधी 10 मई, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट मध्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव के अभ्युदय मध्यप्रदेश के दावों की असलियत उजागर करती है।

सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्म की बात है कि 21वीं सदी में जब हम डिजिटल इंडिया की बात कर रहे हैं, तब मध्य प्रदेश में साढ़े 13 हजार स्कूल बिजली न होने से अंधेरे में डूबे हैं। क्या सरकार इन्हीं अंधेरे कमरों से प्रदेश का भविष्य गढ़ना चाहती है? अजय सिंह ने शौचालय की कमी पर रोष जताते हुए कहा कि लगभग दो हजार स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय न होना सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे पर करारा तमाचा है और भाजपा के नारी वंदन का मजाक है। यह सोचने की बात है कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बेटियां स्कूल कैसे जाएंगी? उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि स्कूलों में 52 हजार से अधिक पद खाली पड़े है। इनमें से प्रायमरी स्कूलों में ही 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात हजार से अधिक स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बजट का भारी भरकम पैसा आखिर कहाँ जा रहा है? जब शिक्षक ही नहीं होंगे, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है.

मैहर मंदिर समिति की दुकानों पर 7 करोड़ रुपयों से अधिक बकाया

13 से 18 मई तक लगाएं जाएंगे शिविर, शिविर लगाकर वसूली की तैयारी तेज, ठेका छोड़कर जाने वाले ठेकेदारों को जारी होगी आरसीसी नोटिस

नवभारत न्यूज

मैहर 10 मई, मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति की वित्तीय व्यवस्था को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। समिति के दस्तावेजों के अनुसार अप्रैल 26 तक विभिन्न मदों में कुल 7 करोड़ 94 लाख 45 हजार 478 रुपए की बकाया राशि दर्ज की गई है। यह बकाया वर्ष 2018 से अब तक का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक यह राशि केवल कुछ मदों तक सीमित नहीं है, बल्कि शॉपिग कॉम्प्लेक्स, प्रसाद, वाहन पार्किग, यात्री निवास, कैंटीन, फोटोग्राफी, सामान गृह और शौचालय संचालन सहित दर्जनों ठेकों में करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं। कई ठेकेदारों द्वारा आंशिक भुगतान किया गया, लेकिन वर्षों बाद भी पूरी राशि जमा नहीं कराई गई है। मंदिर समिति अब बकाया राशि की वसूली के लिए सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि जल्द ही विशेष शिविर लगाकर

संबंधित ठेकेदारों और संचालकों से राशि वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के सामने आने के बाद मंदिर समिति की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रबंधन पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। बताया गया है कि रिकार्ड के अनुसार शॉपिंग कॉम्पलेक्स का 2.52 करोड़ बकाया है इसके अलावा प्रसाद और अन्य व्यावसायिक मदों में भी लाखों रुपयों का प्रीमियम और मासिक किराया बकाया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कलेक्टर और समिति अध्यक्ष बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लंबित किराया वसूली,यात्री सुविधाओं और मंदिर व्यवस्थाओं के लेकर महत्वपूर्ण निर्णण लिए गए थे। मंदिर समिति की आय का एक बड़ा हिस्सा ठेकों और किरायों से आता है लेकिन इनकी वसूली की गति बेहद धीमी है। बताया गया कि कुछ मामलों में तो टेंडर प्रक्रिया तक वसूली लंबित होने का उल्लेख है ।इससे सवाल उठ रहे है कि अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई। पुरुष शुलभ शौचालय , फोटो ग्राफी और अन्य संचालन ठेकों में आने वाली राशि अभी तक जमा नहीं किए गए है। समिति की प्रशासक के अनुसार वसूली करने के लिए 18 मई से 23 मई के बीच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह ठेका छो?कर जाने वाले ठेकेदारों की आरसीसी नोटिस कर वसूली की जाएगी। समिति की ओर आयोजित कैंपो में दुकानदारों की नामांतरण और अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। दस्तावेजों से जड़ी औपचारिक कमियों को भी पूरा कराया जाएगा ताकि भविष्य में किराया वसूली में बाधा न आए। बताया जा रहा है कि बंधा वाहन पार्किग ठेका 25.27 लाख रुपए। दैनिक वाहन पार्किंग पद 58.38 लाख रुपए। यात्री निवास क्रमांक 2 का 99.97 रुपए बकाया है। यात्री निवास कैंटीन का 63.89 लाख रुपए बकाया है।

जनसुविधाओं का होगा विस्तार : मुखर्जी

कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि नियमित रूप से किराया जमा करने वाले दुकानदारों को प्रोत्साहन देने का भी फैसला लिया गया है। ऐसे कॉम्पलेक्स और दुकानों में जनसुविधाओं का विकास किया जाएगा । मंदिर क्षेत्र में स?क सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगे ताकि समय पर भुगतान करने वाले व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

ठेका अवधि हुई खत्म : दिव्या

इस संबंध को लेकर एसडीएम दिव्या पटेल ने बताया है कि साल 2018 से लेकर अब तक विभिन्न मदों को मिलाकर करोड़ों बकाया है। इसी तरह अभी जो दुकानें या फिर ठेके वर्तमान में संचालित है उनका कुल जो बकाया राशि है 4 करोड़ 34 लाख रुपए है। यह भी बताया गया कि जो ठेके अब वर्तमान में संचालित नही है और जिनकी ठेका अवधि समाप्म हो चुकी है।

कलेक्टर के निर्देश पर सख्त कार्रवाई, सात हाईवा अवैध रेत जब्त

खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में सासन क्षेत्र में संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 10 मई, कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश एवं खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सासन चौकी क्षेत्र में खनिज एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन पर कड़ा प्रहार किया है।

शुक्रवार देर शाम ग्राम करकोटा -हर्रहवा क्षेत्र में दबिश देकर करीब 7 हाईवा अवैध रेत जप्त किए गए, जिससे अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद संयुक्त कार्रवाई की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों की जांच की, जहां वैध दस्तावेज न पाए जाने पर सभी हाईवा को जप्त कर लिया गया और आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्रवाई में सासन चौकी से सब इंस्पेक्टर संदीप नामदेव, एएसआई विजय अग्निहोत्री, हेड कांस्टेबल मोहम्मद कौसर, हेड कांस्टेबल लल्लू सिंह एवं कांस्टेबल सहजानंद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं खनिज विभाग की ओर से खनिज इंस्पेक्टर रामसुशील चौरसिया एवं उनकी टीम ने सक्रिय योगदान दिया।

ग्राहक बनकर दुकान पहुंची महिला गैंग ने साइकल की पार

दुकानदार ने एक को पकड़ा, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

नवभारत न्यूज

रीवा, 10 मई, रीवा में एक बार फिर लेडी गैंग सक्रिय हो गई है जो पलक झपकते ही सामान पार कर देती है. गैंग में एक महिला और दो लड़कियां शामिल है जो पहले तो ग्राहक बनकर दुकान पहुंचती है और फिर दुकानदार को बातों में उलझाकर हाथ साफ कर देती है.

ताजा मामला शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत दीप काम्पलेक्स स्थित कन्हैया किड्स साइकिल स्टोर का है जहां यह लेडी गैंग ग्राहक बनकर सायकल खरीदने पहुंची और फिर पलक झपकते ही एक नहीं बल्कि बच्चो की दो सायकल पार कर दी. हालाकि लेडी गैंग की यह करतूत सीसीटीबी कैमरे में कैद हो गई. जिसके बाद दुकानदार ने एक महिला का पीछा कर पकड़ लिया है. जानकारी के मुताबिक एक महिला और दो लडकिया दुकान में साइकिल खरीदने के बहाने पहुंची थी. पहले तो एक ने दुकानदार को बातों में उलझा लिया जबकि दो ने मिलकर दो साइकल को पार कर दिया और फिर तीनों मौके से चंपत हो गई. हालाकि दुकानदार को जैसे ही इसकी भनक लगी तो उसने पीछा कर लिया और एक महिला को पकड लिया जबकि दो युवतियां मौके से भागने में सफल रही. सूचना मिलते ही अमहिया पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया. जिसके बाद महिला के निशानदेही पर पास ही स्थित एक घर से साइकल बरामद हो गई. वहीं यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीबी कैमरे में भी कैद हुई है जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

नवविवाहिता का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

मृतका के भाई ने लगाया दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

सीधी 10 मई, जिले के सिहावल क्षेत्र के ग्राम घोपारी में रविवार दोपहर करीब 1 बजे एक 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार घोपारी निवासी अलका पटेल पत्नी सोनू पटेल 23 वर्ष का विवाह लगभग चार वर्ष पहले हुआ था और उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक दो वर्षीय बेटी और एक एक वर्षीय बेटा शामिल है। मृतका के मायके पक्ष से भाई विक्रांत पटेल ने आरोप लगाया है कि अलका को लंबे समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का कहना है कि अलका की मारपीट कर हत्या की गई और फिर शव को फांसी पर लटका दिया गया, ताकि इसे आत्महत्या दिखाया जा सके। उन्होंने मृतका के शरीर पर चोट के निशान होने का भी दावा किया है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी घटना को लेकर संदेह जताया है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर फांसी लगाने की बात कही जा रही है, वहां की ऊंचाई और खपरेल की स्थिति कई सवाल खड़े करती है। सूचना मिलने पर सिहावल-अमिलिया पुलिस और नायब तहसीलदार दिनेश तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिहावल मर्चुरी हाउस भिजवाया।

इनका कहना है

प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो जायेगा।

दिनेश तिवारी, नायब तहसीलदार सिहावल

परिवहन ठेकेदार पर साढ़े 27 लाख से अधिक का अर्थदण्ड

मैहर कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों से समय पर परिवहन नहीं होने पर की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

मैहर 11 मई, कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों में परिवहन के लिए आर 2 टी किए गए गेहूं की मात्रा का मात्र 45 प्रतिशत परिवहन किए जाने पर अनुबंध कर्ता में विशाल जायसवाल पर 27 लाख 52 हजार 650 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि उपार्जन वर्ष 2026-27 में मैहर जिले की 33 समितियों द्वारा अब तक 37 हजार 961 में0 टन गेहूं की खरीदी की गई है ।जिसमें समितियों द्वारा 33 हजार 312 में टन गेहूं रेडी टू ट्रांसपोर्ट किया गया है ।परिवहन कर्ता में0 विशाल जायसवाल द्वारा इनमें से 14 हजार 961 में0टन गेहूं का ट्रांसपोर्टेशन किया गया है।

जो कि कुल मात्रा का 45 प्रतिशत है ।परिवहन कर्ता को नोटिस जारी करने के बाद भी परिवहन में गति नहीं आने पर जिला उपार्जन समिति ने परिवहन कर्ता पर शेष स्कंध की मात्रा में 50 रुपए प्रति दिन प्रति टन के मान से अर्थदंड अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया। जिला उपार्जन समिति और कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार परिवहन कर्ता पर 50प्रतिशत से कम स्कंध का परिवहन पाए जाने पर 50 रुपए प्रति टन प्रतिदिन के मान से तीन दिवस का जुर्माना 27 लाख 52 हजार रुपए से अधिक अधिरोपित किया गया है। जिला उपार्जन समिति द्वारा शेष स्कंध 14231 में टन के लिए मे0 विशाल जायसवाल पर 27 लाख 52 हजार 650 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर से टकराया विद्युत पोल भी चपेट में आया

नवभारत न्यूज

पन्ना 10 मई, पहाड़ी खेड़ा पन्ना की तरहआ रहा ट्रक पहाड़ी खेड़ा के पास गंगा कॉलोनी के निकट डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया यह घटना शनिवार की दरमियानी रात्रि करीब 12.00 बताई जा रही है लोगों के अनुसार चालक नशे की हालत मेंथा.

दुख दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की 100 मीटर दूर तक ट्रक डिवाइडर से टकराता हुआ लाइट के पोल को तोड़ के आगे बढ़कर रुका दुर्घटना कितनी जबरदस्त थी की ट्रक के अगले दोनों चका टूट कर दूर जा गिरे गनीमत यह रही की यह घटना यदि दिन में घटित होती कोई भी अप्रिय अनहोनी घटना घटित हो सकती थी जिससे लोगों की जान भी जा सकती थी पहाड़ी खेरा में ऐसी दुर्घटनाएं आय दिन घटित होती रहती हैं किंतु इन दुर्घटनाओं से पुलिस प्रशासन कोई सीख नहीं लेना चाहता जबकि दुर्घटनाओं को पुलिसप्रशासन को चाहिए की कोई ठोस करवाई व दिशा निर्देश निर्धारित करें जिससे की दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके. गौरतलब है घटनास्थल पर रहने वाले चश्म दीदो की माने तो लोगों का कहना है रात्रि में करीब 12ः00 के आसपास इतना जोरदार धमाका हुआ जैसे कोई बम फटा हो आसपास रहने वाले लोगों ने जब बाहर आकर देखा तो एक ट्रक डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुका था लोगों का कहना है ड्राइवर नशे की हालत में था,ट्रक पर प्याज लदी हुई थी जो ड्राइवर के द्वारा ट्रक मालिक को फोन कर दुर्घटना की जानकारी रात में ही दी गई जिसके चलते रात में ही ट्रक को खाली कर मालिकों द्वारा माल दूसरी बहन में लोड कर ले जाया गया जिसकी जानकारी पुलिस तक को देना मुनासिब नहीं समझा ऐसे चुपचाप बगैर सूचना के माल को अनलोड कर दूसरे वाहन पर लोड करके ले जाया गया .

एक किलो 300 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सीधी 10 मई, मझौली पुलिस ने दबिश कार्रवाई करते हुए 1 किलो 300 ग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी मझौली के मार्गदर्शन में थाना मझौली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम तिलवारी के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूंछताछ में उसने अपना नाम रामनिहोर पनिका पिता शिवकरण पनिका उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम रूपईडोल थाना मझौली जिला सीधी बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक झोले में रखे 01 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 13 हजार रुपये बरामद किया गया। आरोपी से गांजा रखने एवं परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा मामले की विवेचना की जा रही है। कार्यवाही में शामिल थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्रा, अक्षय तिवारी एवं चालक आरक्षक अलताज मंसूरी की सराहनीय भूमिका रही।

गैस पाइपलाइन के नाम पर खोदी सड़के, महीनों बाद भी नहीं भरे गड्ढे

ठेकेदार की मनमानी, नियमों को ताक पर रखकर अधूरा छोड़ा काम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 10 मई। नगर निगम क्षेत्र में घरेलू गैस पाइपलाइन कनेक्शन के नाम पर सड़कों की खुदाई तो कर दी गई, लेकिन तीन-चार महीने बीत जाने के बाद भी गड्ढों को नहीं भरा गया है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते मोहल्लों और बस्तियों की सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई है, जिससे आमजन को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गनियारी मुख्य बस्ती, विश्वकर्मा मोहल्ला, बलियरी, ताली, बिलौंजी, चन्द्रमा टोला, कंचनी, शांति मोहल्ला सहित सैकड़ों इलाकों में पाइपलाइन गैस का कनेक्शन तो दे दिया गया, लेकिन सड़कों की मरम्मत अधर में लटकी हुई है। जगह-जगह खुले गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। आए दिन बाइक सवार इन गड्ढों में फंसकर घायल हो रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम परिषद की बैठकों में इस मुद्दे को कई बार पार्षदों द्वारा उठाया गया। सड़क मरम्मत को लेकर मांग भी की गई, लेकिन ठेकेदार पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। नियमानुसार ठेकेदार को सड़क खुदाई के बाद उसे पूर्व स्थिति में बहाल करना था, लेकिन अनुबंध की शर्तों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है, जिससे ठेकेदार के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गड्ढों को नहीं भरा गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता इस लापरवाही का खामियाजा भुगतती रहेगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99